## सार-समाचार

### जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल साप्ताहिक रेलसेवा का संचालन

**अजमेर( निसं )।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्योहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर-बांद्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09725, जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 15 से 29 अक्टूबर तक (03 ट्रिप) जयपुर से प्रत्येक बुधवार को 16.05 बजे रवाना अगले दिन 12 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09726, बांद्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 16 से 30 अक्टूबर तक (03 ट्रिप) बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक गुरुवार को 14.40 बजे रवाना होकर अगले दिन 10.50 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह रेल सेवा मार्ग में किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, विजयनगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, मंदसौर, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरूच, सूरत, नवसारी, वलसाड, वापी, पालघर व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 01 सैकण्ड एसी, 09 थर्ड एसी, 02 थर्ड एसी इकोनॉमी, 04 द्वितीय शयनयान, 02 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 02 पावर कार डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे होगें।

### अजेयपाल चौधरी अध्यक्ष व संदीप बंसल सचिव मनोनीत

**अजमेर( निसं )।** अग्रवाल सेवा संस्था, अजमेर (पूर्ववर्ती श्री अग्रवाल संघ, अजमेर) की त्रिवार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव निर्वाचन अधिकारी डॉ विष्णु चौधरी व प्रवीण अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से अजेयपाल चौधरी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष अजेयपाल चौधरी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमें संरक्षक हनुमान दयाल बंसल, अशोक पंसारी, डॉ विष्णु चौधरी व प्रदीप बंसल, अध्यक्ष-अजेयपाल चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-गणेशी लाल अग्रवाल एडवोकेट, उपाध्यक्ष- अशोक गर्ग, सचिव- संदीप बंसल, सह सचिव- राकेश टकसाली, कोषाध्यक्ष- सुरेश गोयल, सांस्कृतिक सचिव - विनोद अग्रवाल, प्रचार सचिव-शैलेंद्र अग्रवाल एवं कार्यकारिणी सदस्य -गिरधारीलाल मंगल, राजेंद्र अग्रवाल, हनुमान श्रीया, हरीश गर्ग, सुनील गर्ग, प्रवीण अग्रवाल, सुबोध गर्ग, दिनेश जैन, संदीप गोयल, गौरव चौधरी, अनिल गर्ग, ललित डिडवानिया व कमलेश सिंघल मनोनित किया है।

### दी फियोर दी लोटो ने की वितरित की गरीबो क़ो खाद्य समाग्री

**पुष्कर( निसं )।** पुष्कर की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था फियोर दी लोटो संस्था फाउंडेशन फियोर दी लोटो 572 बालिकाओं का निशुल्क फेंसी ड्रेस, 225गरीब परिवारो क़ो खाद्य सामग्री का वितरण किया वही एक बालिका लताशा के इलाज के लिए नकद राशि एक बालिका क़ो पढ़ाई केलिए राशि दी गयी हर साल दीवाली उपलक्ष्य पर आयोजित फैंसी ड्रेस वितरण समारोह आयोजित किया जाता है। इसके पूर्व रंगारंग कार्यक्रम एवं बालिका वधू पर आधारित शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया गया। समारोह में मुख्यातिथि पुष्कर नगर परिषद के पूर्व सभापति कमल पाठक, उप सभापति शिवस्वरूप महर्षि, संस्था की संस्थापिका मारा सान्द्री ,अध्यक्ष ज्योतिस्वरूप महर्षि उर्फ दीपू भैया, सस्था के गुरु पण्डित कैलाश नाथ दाधीच, पुष्कर माली सैनी संस्था अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी, भाजपा नेता अरुण वैष्णव,भाजपा रोहन बाकोलिया ,पुष्कर नारायण भाटी ओमप्रकाश पाराशर हलदर पाराशर,कमल पाराशर,पाराशर स्कुल, लक्ष्मी पाराशर,शंकरचौहन ,जितेंद्र पाराशर उर्फ हलदर धीरज जादम, महेंद्र खंगारोत, विष्णु सेन,कमल पाराशर उर्फ जैकी कमल रामावत मौजूद थे

### 45 प्रतिभाओं का किया सम्मानित

**भीलवाड़ा( निसं )।** कोहिनूर सेवा समिति (कोहिनूर ग्रुप इन राजस्थान) के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के उपलक्ष पर लव गार्डन रोड स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन पर शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक एवं प्रदेश संयोजक कवि रामनिवास रोनीराज ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि यूआईटी के पूर्व चेयरमैन लक्ष्मी नारायण डाड थे, वही अध्यक्षता पूर्व सभापति मंजू पोखरना ने की। विशिष्ट अतिथि जिला कारागृह के जेलर हीरालाल गुर्जर, शिक्षा शास्त्री पंडित गोविंद व्यास व डॉ. सरिता ए कुमार थे। जहां एक और शहर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, वही दूसरी ओर शिक्षा साहित्य कला क्रीडा व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 45 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रसिद्ध राष्ट्रीय कथावाचिका दीपा दाधीच की सरस्वती वंदना से हुआ. समारोह मे समिति के निदेशक कवि रामनिवास रोनी राज ने शहर इकाई अध्यक्ष के लिए छीतरमल गेंगट व महिला प्रकोष्ठ शहर अध्यक्ष के लिए मोहतरमा मुमताज बानो को कार्यकारिणी सहित पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कवि ओम उज्जवल, गोपाल टेलर, अरुण शर्मा अजीब, नवीन कुमार शर्मा, आरिफ खान, गीतकार राजेंद्र देश प्रेमी ने बेटी' विषय पर रचनाएं प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।

# केन्द्रीय पर्यवेक्षक अशोक तंवर व पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष ने निभाया सामाजिक सरोकार का दायित्व

- **जैन साध्वी व संत का लिया आशीर्वाद और विशेष बच्चों तथा बुजुर्गों से की मुलाकात**

**अजमेर( निसं )।** एआईसीसी केंद्रीय पर्यवेक्षक अशोक तंवर व पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने सोमवार को सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई कार्यक्रमों में शिरकत की और अपनी सहभागिता निभाई। केंद्रीय पर्यवेक्षक तंवर व पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ ने बीके कौल नगर मणीपुंज संस्थान में जैन साध्वियों के आशीर्वाद कार्यक्रम, हरिभाऊ उपाध्याय नगर जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम, शास्त्रीनगर लाडली घर व चाचियावास मीनू स्कूल के कार्यक्रम में शिरकत कर सामाजिक सरोकार का दायित्व निभाया, उन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया विशेष बच्चो तथा दृष्टिबाधित बालिकाओं से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया।

कार्यक्रम के मौके पर पर्यवेक्षक अशोक तंवर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राजनीति के साथ साथ रचनात्मक कार्य व सामाजिक सरोकारों से ओत प्रोत कार्य भी करती है। ऐसी संस्थाओं को हर संभव सहयोग करने की आवश्यकता है, अपने लिए तो सभी जीते हैं, परंतु ऐसे लोगों के लिए जीना मायने रखता है और ऐसे लोग भाग्यशाली होते हैं । उन्होंने कहा ऐसी सामाजिक संस्थाएं बेहतर कार्य कर रही है ऐसे में सरकारों को भी अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं में इन संस्थाओं के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी व एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के निर्देशन में देशभर में संगठन सृजन अभियान चल रहा है। अजमेर में भी अभियान के तहत बैठके आयोजित की जा रही है। केंद्रीय पर्यवेक्षक लोगो से वन टू वन मुलाकात कर और उनके साथ रायशुमारी कर जिलाध्यक्ष बनाने के लिए राय ले रहे है। मणीपुंज संस्थान, बीके कौल नगर में 100 वर्षीय महाश्रमणी राजस्थान सिंहनी शताब्दी गौरवान्वित गुरुमाता महासती श्री पुष्पवती ( माताजी ) म. सा., डॉ श्री राजमती जी म. सा. व अन्य महाराज सा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संरक्षक प्रकाश चंद चौपडा, अध्यक्ष शिखर चंद जी सिंगी, उपाध्यक्ष गौतम चंद लुनावत, सहमंत्री रमेश खाब्या, राजेंद्र गैलडा, विकास चोपड़ा, महेंद्र कुमार रांका आदि ने पर्यवेक्षक अशोक तंवर व धर्मेंद्र राठौड़, शैलेंद्र अग्रवाल व पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक आदि का शॉल व माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने हरिभाऊ उपाध्याय नगर स्थित जय अम्बे समिति के वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। वृद्धाश्रम के अध्यक्ष कालीचरण खंडेलवाल व सचिव ब्रजेश पांडे ने आश्रम से जुड़े सेवा कार्यों की जानकारी दी और शॉल, माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। शास्त्री नगर लाडली घर में श्री कृष्णा नंद जी महाराज व दृष्टिबाधित बालिकाओं से मुलाकात की और महाराज का आशीर्वाद लिया।

## दिव्यांगों को वितरित की स्कूटी

**अरांई ( निसं )।** विधायक विकास चौधरी ने अपने विधायक कोष से विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगों को स्कूटी भेंट की। दिव्यांगों ने स्कूटी पाकर खुशी का अनुभव किया और विधायक विकास चौधरी का आभार जाता है। एक लाभार्थी ने बताया कि मैं जीवन से अपंग हूं लेकिन आज विधायक ने मुझे स्कूटी देकर नया जीवन दिया है। दिव्यांग ने बताया कि मैं कहीं भी चल नहीं सकता था, लेकिन विधायक के आशीर्वाद से अब मैं भी दुनिया घूम सकता हूं। लाभार्थी की महिला ने बताया कि मेरे पति लकवा ग्रस्त है और उनके पति ही परिवार में एकमात्र कमाने वाले थे। इसके कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया था। आज विधायक के आशीर्वाद से हमें स्कूटी भेंट की गई है, जिससे हम अब ठेला चलाकर अपना भरण पोषण कर सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न दिव्यांगजनों ने अपनी दैनिक समस्याओं को साझा किया कि किस प्रकार बिना वाहन के रोजमर्रा की गतिविधियों व आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।


**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**आपत्ति/सुझाव आमंत्रण**

अजमेर विकास प्राधिकरण की BPC-LP की बैठक दिनांक 06.08.2025 में राजस्व ग्राम देवनगर (जोन पुष्कर) के खसरा नंबर 651 कुल क्षेत्रफल 13500 वर्गमीटर का पर्यटन इकाई रिसोर्ट प्रयोजनार्थ ले आउट प्लान अनुमोदन हेतु आवेदन किया है। मार्गाधिकार हेतु खसरा संख्या 555 में से 18 मीटर चौड़ाई का निर्धारण करने का निर्णय लिया गया। इस 18 मीटर चौड़ा रास्ता निर्धारण पर किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी आदि को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण के उपायुक्त जोन पुष्कर के समक्ष अपनी आपत्ति/सुझाव में दस्तावेज अखबार में प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त 10 दिवस की समाप्ति के पश्चात् प्रश्नगत रास्ता 18 मीटर चौड़ा मार्गाधिकार में निर्धारित कर लिया जायेगा।

-उपायुक्त (जोन पुष्कर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।



**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान**

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/2560 **आम सूचना** दिनांक: 13-10-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 39/3 का भूखण्ड संख्या 94 का कुल 69.00 वर्गगज (आवासीय प्रयोजनार्थ) हेतु पट्टा चाहनें हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड के नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित मे आपतियां/मय साक्ष्य / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | श्रीमती मंजू साहू पत्नि श्री रामावतार साहू निवासी ढाणी रोड शिव मन्दिर के पास मदगनंज किशनगढ़ जिला अजमेर। | मदनगंज खसरा 39/3 69.00 वर्गगज | (आवासीय प्रयोजनार्थ) पट्टा चाहनें हेतु |

आयुक्त,नगर परिषद, किशनगढ़।


# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संबोधन का मसूदा थाने में किया गया संजीव प्रसारण

- **नए कानून के एक वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों से सीधा संवाद किया**

**मसूदा ( निसं )।** मसूदा पुलिस थाना पर आयोजित नव विधान न्याय की पहचान वीडियो कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम के मौके पर मसूदा क्षेत्र के कई लोगो ने भाग लिया। मसूदा पुलिस थाना परिसर पर जुटे थाना क्षेत्र के सीएलजी व शांति समिति के सदस्यों ने देश के गृह मंत्री अमित शाह का आपराधिक कानून पर एक प्रदर्शनी का उदघाटन कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देखा। इस मौके पर भारतीय न्याय संहिता कानून के बारे में जानकारी प्राप्त की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संवाद सुना गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के बाद 3 वर्ष के अंदर हर पीड़ित को न्याय मिलना तय है। अब दंड संहिता की जगह न्याय संहिता ने अपनी पहचान बनाई है। नव विधान न्याय की पहचान नए आपराधिक कानून पर आधारित एक प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर क्षेत्र के लोगो ने उत्साह से भाग लिया।

गृह मंत्री शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि कोई अपराधी अगर अपराध करने के बाद देश छोड़कर चला जाता है तो अब उस अपराधी की अनुपस्थिति में भी न्याय पालिका सुनवाई कर उसे सजा दिलाई जा सकेगी। मंत्री शाह की और से राज्य सरकार द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना करते हुए उसे नजदीक से देखने का आग्रह किया। थाना परिसर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संबोधन के सीधे प्रसारण की वी.सी. के माध्यम से की गई है व्यवस्था, कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देना है। इस दौरान आमजन को इन कानूनों में किए गए बदलावों, उनके महत्व और प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## कल्प योजना से विधवा क्षत्राणीयों की मासिक पेंशन शुरू

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** जय राजपूताना संघ द्वारा संचालित क्षत्राणी कल्प योजना किशनगढ़ शाखा द्वारा आर्थिक रूप से असक्षम विधवा क्षत्राणीयो को सहयोग स्वरूप मासिक पेंशन शुरू की गई। प्रदेश संयोजक सज्जन सिंह अरठ ने बताया की क्षत्राणी कल्प योजना से गांव छोटा लाम्बा, गांव टिहरी व गांव काकानियावास में रह रहे परिवार की शुरू की गई। योजना संयोजक प्रहलाद सिंह तित्यारी ने बताया की क्षत्राणी कल्प योजना से आर्थिक रूप से कमजोर विधवा क्षत्राणीयो को योजना के अंतर्गत मासिक पेंशन, सिलाई मशीन, बच्चो की स्कूल फीस व पाठ्य सामग्री व बेटियों के विवाह में सहयोग स्वरूप प मदद की जा रही है। तहसील में अभी तक पैंतीस से अधिक परिवारों को पेंशन का लाभ दिया जा चुका है।


**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान**

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/2563 **आम सूचना** दिनांक: 13-10-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 44 का भूखण्ड संख्या 26-सी का कुल 160.00 वर्गगज (आवासीय प्रयोजनार्थ) हेतु पट्टा चाहनें हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड के नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | श्री रामअवतार पुत्र श्री रामरीख निवासी रामदेव कॉलोनी राम मंदिर के पीछे मदगनंज किशनगढ़ जिला अजमेर। | मदनगंज खसरा 44 160.00 वर्गगज | (आवासीय प्रयोजनार्थ) पट्टा चाहनें हेतु |

आयुक्त,नगर परिषद, किशनगढ़।



**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान**

क्रमांक: न.प.कि/भूमि/2025/9055 **आम सूचना** दिनांक: 13/10/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनिता चौहान पत्नी स्व0 श्री मनोज कुमार चौहान ने स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत् पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो की राजपूत मौहल्ला, नया शहर किशनगढ़ में स्थित भूखण्ड / परिसर कुल क्षेत्रफल 120.00 वर्गगज है जिसकी सीमाऐं निम्न प्रकार से है-

पूर्व में - गली | पश्चिम में- अन्य का प्लाट

उत्तर में- 15' आम रास्ता | दक्षिण में- अन्य का प्लाट

उक्त सीमा मध्य स्थित स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत् पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति / ऐतराज मान्य नही होगा। अतः सूचित रहे।

प्रभारी अधिकारी नगर परिषद किशनगढ


# जेएलएन अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी वार्ड के लिए 191 करोड़ रूपए की मंजूरी

- **विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भारत लौटते ही अजमेर के लोगों को यह दीपावली गिफ्ट दिया है**
- **कुल 240 करोड़ रूपए से होगा जेएलएन अस्पताल का विकास व अस्पताल की छत पर बनेगा हेलीपैड**

**अजमेर,( कासं )।** अजमेर के चिकित्सा इतिहास के लिए सबसे बड़ी खबर है। आजादी के बाद पहली बार जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय विकास के लिए 191 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भारत लौटते ही अजमेर के लोगों को यह दीपावली गिफ्ट दिया है। इस राशि से अस्पताल में सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल को 50 करोड़ रूपए जीर्णोद्धार के लिए पहले ही मिल चुके है। इस तरह कुल 240 करोड़ रूपए की लागत से अस्पताल का विकास होगा। अस्पताल में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक की छत पर हेलीपैड का निर्माण भी किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को भारत लौटते ही जयपुर में जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के कामकाज की प्रगति की समीक्षा की। उनके निर्देश पर वित्त विभाग ने सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के 191 करोड़ रूपए की मंजूरी दी। पूर्व में वित्त विभाग ने 65 करोड़ रूपए की मंजूरी दी थी। जिसे अब बढ़ाकर 191 करोड़ रूपए कर दिया है। इसके साथ ही अस्पताल को पूर्व में जीर्णोद्धार के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि अस्पताल में बजट घोषणा की अनुपालना में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के निर्माण के लिए योजना बनाकर विभाग को भेजी गई थी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देशानुसार अब इस योजना को पूरी तरह मंजूरी मिल गई है। अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के लिए पहले चरण में 65 करोड़, दूसरे चरण में 64 करोड़ तथा तीसरे चरण में 62 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए है, उन्होंने बताया कि सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक अस्पताल में टीबी अस्पताल वाली जगह पर बनाया जाएगा। पहले चरण में यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और न्यूरोलॉजी विभाग बनाए जाएंगे। अगले चरण में एंडोक्रिनोलॉजी, ओन्कोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी सहित विभाग बनाए जाएंगे। यह भवन पूरी तरह एयर कंडीशनर होंगे।

भूतल पर रिसेप्शन और ओपीडी और जांच केन्द्र बनाए जाएंगे। इसकी ऊपरी मंजिलों पर आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड और अन्य सुविधाएं होगी। आपातकाल की स्थिति में मेडिकल सुविधा के लिए अस्पताल की छत पर एयर एम्बुलेंस उतारने की दृष्टि से हेलीपैड भी बनाया जाएगा।


**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान**

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/2491 **आम सूचना** दिनांक: 11-10-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 346/3 का भूखण्ड संख्या 20 का कुल 166.66 वर्गगज (आवासीय प्रयोजनार्थ) हेतु पट्टा चाहनें हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड के नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति होतो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित मे आपतियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | श्री कुन्ना राम पुत्र श्री भूराराम निवासी मानसरोवर कॉलोनी मदनगज किशनगढ | मदनगंज खसरा 346/3 166.66 वर्गगज | (आवासीय प्रयोजनार्थ) पट्टा चाहनें हेतु |

आयुक्त,नगर परिषद, किशनगढ़।



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज.**

E-mail – npparbatsar@gmail.com Phone No. 01589-270141

क्रमांकः-नपाप./स्टोर शाखा/2025-26/2324 दिनांकः- 09.10.2025

**निविदा सूचना**

नगरपालिका परबतसर के द्वारा नियमानुसार बोनाफाइड/अधिकृत ईच्छुक एवं अनुभवी संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा निविदाएँ आमंत्रित की जाती है । कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 16.10.2025 का 10:00 बजे से है तथा शेष विवरण व निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB UBN NO : DLB2526A6962

UBN NO : DLB2526GSOB21080

राज.संवाद/सी/25/11965

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परबतसर


## नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का लाइव हुआ प्रसारण

- **सरवाड़ थाने में जुटे ग्रामीण, गृह मंत्री अमित शाह ने जयपुर में किया उद्घाटन**

**सरवाड़ ( निसं )।** सरवाड़ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जयपुर में नए आपराधिक कानूनों पर लगी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया वहीं यह प्रदर्शनी भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के एक साल पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित की गई जो एक जुलाई 2024 से लागू हुए थे इस उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया वहीं सरवाड़ थाना परिसर में पुलिस स्टाफ व आमजन ने इस लाइव कवरेज को देखा गया इस अवसर पर सरवाड़ थाना प्रभारी गिरिराज कुमार ने उपस्थित आमजन को तीनों नए कानूनों के प्रावधानों और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी गई वहीं इस वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में थाना प्रभारी गिरिराज कुमार के साथ भाजपा नेता हरिमोहन शर्मा सज्जन सिंह महेश भटनागर विष्णु साहू कुशल सोनी साहित अन्य स्थानीय नागरिक मौजूद रहें।

# पुष्कर नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाया, पुष्कर मेले की तैयारियां शुरू

- **पशुपालकों को कोई परेशानी नहीं हो इसलिए मेला मैदान एवं रोड से अतिक्रमण हटाए गए**

**पुष्कर ( निसं )।** स्थानीय एवं जिला प्रशासन नगर परिषद पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में पुष्कर के अम्बेडकर सर्किल से कापलेश्वर तिराहे तक एवं पुराने मेला मैदान से अतिक्रमण हटाए गए, पशुपालकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले एवं उन्हें रुकने के लिए उपयुक्त जमीन हो इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी, पुष्कर थाना अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि अजमेर जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार बाहर से आने वाले पशुपालकों को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए आज एक संयुक्त टीम के द्वारा पुष्कर के मेला मैदान एवं रोड से अतिक्रमण हटाए गए. पुष्कर नगर परिषद की आयुक्त जनार्दन शर्मा ने बताया कि ने पुराने मेला मैदान में लोगों ने चाय की थडिया लगाकर एवं अन्य लोगों ने कई स्थानों पर बड़े-बड़े कब्जे कर लिए थे उन सभी को पुष्कर नगर परिषद की जे सी बी एवं टीम के द्वारा हटा दिया गया है । पुष्कर मेले की तैयारीया युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है, नए मेला मैदान के लिए भगवानपुरा रोड को बनाना शुरू कर दिया गया है। वहीं विद्युत विभाग की ओर से बेला मैदान में आने वाले पशुओं को लाइट मिल सके इसके लिए अभी सही तैयारी शुरू कर दी है, मेला मैदान में धीरे-धीरे रौनक होना शुरू हो गई है टेंट के लिए दुकान सज चुकी है क्योंकि इस बार पशुपालक पहले ही आने की संभावना है ।

## जमीन षड़यंत्रकर्ता गिरफ्तार

**उदयपुर, ।** बडगांव थाना पुलिस ने अपराधीक षडयंत्र रच कर धोखाधड़ी से डमी खातेदार को असली ता कर मुख्तियारनामा से जमीन बेचने वाले मुख्य षड्यंत्रकर्ता को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार मंजू कुंवर निवासी चित्रकूटनगर भुवाणा ने रिपोर्ट दी। कि मेरे पति प्रेमसिंह पुत्र किशनसिंह ने 9 मार्च 1991 को खुमाण सिंह राजपूत से एक जमीन खरीदी थी। 8 जनवरी 2019 को पति की मृत्यु हो गई थी। 20 मई को मेरे पुत्र ने ई मित्र पर जमाबंदी की नकल निकलवायी तो मेरे पति का नाम गायब था। इस सबंध में पडताल की तो राजकुमार खमेसरा ने कुछ लोगों से मिली भगत करते हुए मेरे पति के नाम पर किसी फर्जी व्यक्ति को रजिस्ट्रार कार्यालय ले गए।


**कार्यालय नगर परिषद पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान**

E-mail: np.pushkar.nagarpalika@gmail.com सदर बाजार बद्री घाट के पास पुष्कर Ph:- 01452773025

क्रमांक- न.प.पु/भूमि/2025/2267 **उजरदारी सूचना** दिनांक: 13/10/25

निम्न आवेदक ने अपनी खरीदशुदा / पट्टासुदा सम्पति के रिसोर्ट प्रयोजनार्थ भवन निर्माण स्वीकृति हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदन किया है, जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

| क. सं. | आवेदक का नाम मय पिता/पति का नाम | स्थान | क्षेत्रफल | चतुर्थ सीमा | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | वेदशोल रिसॉर्ट्स प्रा लि जरिये श्रीमती शैफाली राना | खसरा न 1972/ 2125-2041 /2595, 2074/2387, 2075/ 2443 2083/2444, राजस्व ग्राम गनाहेड़ा, पुष्कर | 13799.51 वर्ग मीटर | पुर्व-खसरा न. 1972/2128 उत्तर-40 फुट रास्ता | पश्चिम: खसरा नं. 1972/2117 दक्षिण-60 फुट रास्ता |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका विजयनगर



**कार्यालय ग्राम पंचायत डबरेला पंचायत समिति अरांई, (अजमेर)**

क्रमांक: ग्रापड/निर्माण/2025-26/113 दिनांक:13-10-2025

**सीमित निविदा सूचना**

पंचायत समिति अंराई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत डबरेला कार्य का नाम-ग्राम ढिगारिया में टंवर सिंह जी के मकान के पास सामुदायिक केन्द्र निर्माण कार्य के लिए सिमित निविदाए आंमत्रित कि जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।

NIB NO- ZAJ2526A1245 UBN is- ZAJ2526WSLB01331

प्रशासक डबरेला पंचायत समिति अरांई, (अजमेर)

ग्राम विकास अधिकारी डबरेला पंचायत समिति अरांई, (अजमेर)


## देरांठू में सहकार सदस्यता कैंप का आयोजन

**नसीराबाद, ( निसं )।** नसीराबाद क्षेत्र के निकटवर्ती देरांठू ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड में आज सोमवार को सहकार सदस्यता शिविर एवं समिति की आम सभा का भव्य आयोजन किया जाएगा । यह कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, देरांठू के प्रांगण में आयोजित होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा एवं अजमेर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक (सीसीबी) चेयरमैन मदन गोपाल चौधरी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दिनेश चौधरी करेंगे। समिति अध्यक्ष दिनेश चौधरी ने सभी किसान भाइयों से आग्रह किया है कि वे सोमवार सुबह 11 बजे विद्यालय प्रांगण में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर संचालक मंडल के सभी सदस्य, समिति व्यवस्थापक गोपी लाल सेन सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**अरांई ( निसं )।** संगठन सृजन अभियान के तहत सोमवार को अरांई मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में हरियाणा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर, नीमकाथाना के पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल, विधायक डॉ विकास चौधरी, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

कांग्रेस की बैठक में स्थानीय स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विधायक चौधरी ने अपने संबोधन में सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार मे कानून राज खत्म हो गया है। व्यापारी, महिला, किसान वर्ग असुरक्षित महसूस कर रहा है। विधायक चौधरी ने युवाओं को रोजगार, किसानों को मुआवजा, महिलाओं को सुरक्षा कि गारंटी सरकार को देनी चाहिए। पर्ची सरकार में केवल भोजन भ्रमण और भाषण का काम चल रहा है। कांग्रेस की जनहित योजनाओं को बंद करने व सीमितिकरण का काम किया जा रहा है। विधायक चौधरी ने दावा किया कि आगामी पंचायतीराज के चुनाव में जनता इस घमंडी सरकार को जरूर सबक सिखाएगी और कांग्रेस को जीताने का काम करेंगी। कांग्रेस के एआईसीसी पर्यवेक्षक अशोक तंवर ने अपने संबोधन में कांग्रेस को मजबूत करने की बात कही। बूथस्तर से जिला स्तर तक कार्यकर्ताओं से राय सोमारी की गई उसके आधार पर नए जिला अध्यक्ष का भी चयन किया जाएगा। अशोक तंवर ने कहा कि कांग्रेस किसान और देश की हमेशा रक्षक रही है। साथ ही जिला अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड़, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, नीमकाथाना के पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल, किशन लाल कटसूरा सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखें। बैठक के पूर्व महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद किया इस दौरान कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राजकीय महाविद्यालय अरांई के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। छात्रों ने अपनी परेशानियों को प्रतिनिधियों से साझा किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण बटेश्वर, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, जिला परिषद सदस्य गणेश गुर्जर, पूर्व जिला परिषद जसराज डाबला क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष सुमेर चौधरी किशनगढ़ नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो पूर्व पार्षद राकेश शर्मा पूर्व सरपंच भंवर गोपाल गौड बीरदीचंद्र शर्मा ओमप्रकाश नेतड शिवराज बागड़ी, सरपंच कानाराम मेघवंशा,पूर्व सरपंच हरिराम गीला, मंडल अध्यक्ष हरिप्रसाद रेगर, किशन डाबला, हनुमान गौरेली, शिवराज चौधरी, राशिद भाई, नरेंद्र सारण, कैलाश सेन व अमरचंद सेन सहित अनेक कार्यकर्ता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका आकोला जिला चित्तौडगढ (राज0)**

क्रमांक/न.पा.आ./भुमि/69-ए/2025/1608-1610 **आपत्ति सूचना** दिनांकः- 08.10.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका कार्यालय में निम्नांकित आवेदन 69-क पट्टे के आवेदन प्राप्त हुए है। अतः निम्न आवेदनकर्ता के स्वामित्व/आधिपत्य के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में पालिका कार्यालय मे प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक पिता का नाम मय जाति व पता | ऑनलाईन आवेदन क्रमांक | क्षैत्रफल (वर्गमीटर) | वार्ड नम्बर | दिशाएं: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | श्री चन्द्रप्रकाश यादव पिता बालुराम यादव पता जवाहर नगर,आकोला | LD/AKLA/2025-26/241946 | 1079.18 | 16 | कीर की चौकी रोड़ | अखाड़ा मन्दिरभूमि | अस्पताल काउटर | नगरपालिका दुकान |
| 2 | श्री जगदीश पिता औंकारलाल पटवा पता जवाहर नगर, आकोला | LD/AKLA/2025-26/215731 | 940.00 | 16 | रोड़ | फारुक मंसूरी | आम रास्ता | उंकारलाल भाट |
| 3 | श्री चन्द्रप्रकाश यादव पिता बालुराम यादव पता जवाहर नगर,आकोला | LD/AKLA/2025-26/244581 | 2400.00 | 16 | रोड़ | कालुराम यादव | कालुराम यादव | रास्ता |
| 4 | श्री सुरेशचन्द्र पिता औंकारलाल भाट पता जवाहर नगर आकोला | LD/AKLA/2025-26/215728 | 1078.00 | 14 | औंकारलाल भाट | रोड़ | फारुक मंसूरी | रास्ता |
| 5 | श्री लक्ष्मीलाल पिता प्रभुलाल छीपा पता यादव मौहल्ला, आकोला | LD/AKLA/2025-26/215829 | 1665.00 | 16 | रास्ता | कपील छीपा | संतोषी प्रजापत | रास्ता |
| 6 | श्री फरहत परवीन पिता आजाद मोहम्मद नीलगर पता मस्जिद के पास, आकोला | LD/AKLA/2025-26/228019 | 818.56 | | रास्ता | रास्ता | किशनलाल छीपा | रुपलाल, रोड़ीलाल छीपा |
| 7 | श्री सलीम मोहम्मद नीलगर पिता रफीक मोहम्मद नीलगर पता मस्जिद के पास, आकोला | LD/AKLA/2025-26/228017 | 616.00 | | अहमद खान | मेमुना बानु | जगरुद्दीन नीलगर | रास्ता |
| 8 | श्री भुरालाल खटीक पिता प्रेमचन्द खटीक पता लक्ष्मी बाजार आकोला | LD/AKLA/2025-26/213861 | 1683.33 | 02 | पिन्टु सुखवाल | प्रेमदेवी खटीक | सुनील चपतोद | कीर की चोकी रोड़ |
| 9 | श्रीमती जमीला बेगम पत्नी बाबु खान पठान पता जवाहर नगर आकोला | LD/AKLA/2025-26/247158 | 1343.00 | 14 | सलीम भाई | नीशार भाई | नीशार भाई | कीर की चौकी रोड़ |
| 10 | श्रीमती कुसुमदेवी पत्नी शान्तिलाल छीपा पता छीपा मोहल्ला, आकोला | LD/AKLA/2025-26/252121 | 463.75 | 09 | राजमल छीपा | सांवरिया लाल छीपा | सोहनलाल छीपा | रास्ता |

राज.संवाद/सी/25/11957

अधिशाषी अधिकारी